




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 14 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 21 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


# कप्तानी को लेकर गंभीर नहीं कांग्रेस..!

## दस साल में भाजपा ने बदले 5, कांग्रेस ने 12 साल में तीन

### नेतृत्व करने की जिम्मेदारी के साथ लड़ना विपीन की मजबूरी




**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** युवा तुर्क मनजीतसिंह टूटेजा को एक रात का जिलाध्यक्ष बनाने के बाद कांग्रेस में हो रही खटपट फिर से बाहर आई है। वैसे बात करें तो कप्तानी को लेकर कांग्रेस कभी गंभीर नजर नहीं आई। जहां जिलाध्यक्ष को लेकर भाजपा गंभीरता से चयन करती आ रही है। वहीं जिलाध्यक्ष नियुक्ति को लेकर कांग्रेस में वैसी गंभीरता नहीं दिखाई दी। देखा जाए तों भाजपा ने 10 साल में 5 जिलाध्यक्ष बदल दिए। वहीं कांग्रेस 12 साल में 3 ही बदल पाई। अब मौका चुनाव का है। जहां जिलाध्यक्ष विपीन जैन को यशपालसिंह सिसौदिया के सामने चुनाव लड़ना है। वहीं जिले का नेतृत्व भी करना है। मतलब दोनों जिम्मेदारी विपीन जैन को दी गई। या यूं कहें कि नेतृत्व शब्द कांग्रेस की डिक्शनरी में है ही नहीं।

#### भाजपा में लगातार होता बदलाव...

जिलाध्यक्ष पद की गंभीरता भाजपा बखूबी समझती है। यही कारण है कि लगातार जिलाध्यक्ष बदल बदलकर नेतृत्व मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। मदनलाल राठौर के बाद जिलाध्यक्ष की कमान सुधीर गुप्ता को सौंपी गई। 2014 में लोस टिकिट मिलने के बाद यह जिम्मेदारी राजेंद्र सुराणा को दी गई। इसके बाद देवीलाल धाकड को मौका दिया गया। देवीलाल धाकड को 2018 में विस का टिकिट देने के बाद यह जिम्मेदारी चंदरसिंह सिसौदिया को दी गई। इसके बाद 2020 में नानालाल अटोलिया को जिलाध्यक्ष बनाया गया।

#### कांग्रेस निकालती लंबा समय...

प्रकाश रातड़िया अगस्त 2011 में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए थे। गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाले रातडिया का कार्यकाल विवादों से दूर रहा। नगरीय निकाय, विस और लोस जैसे कई चुनाव हारने के बाद आखिरकार तीन साल पहले नवकृष्ण पाटिल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। उनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। इसके बाद छह माह पहले विपीन जैन को कमान सौंपी गई।

#### जिलाध्यक्ष के लोड के साथ चुनाव भी लड़ना...

भाजपा ने सुधीर गुप्ता को टिकिट देने के साथ ही जिलाध्यक्ष की कमान राजेंद्र सुराणा को सौंपी। इसी तरह से देवीलाल धाकड़ को विधानसभा में उतारने के साथ ही जिलाध्यक्ष का पद चंदरसिंह सिसौदिया को दिया। लेकिन, विपीन जैन को विधानसभा टिकिट देने के बाद भी जिलाध्यक्ष पद पर उन्हें काबिज रखा। जिलाध्यक्ष का मतलब किसी दल की कप्तानी करना। मंदसौर ही नही, बल्कि उनके पास चारों विस में काम करने की जिम्मेदारी होगी। इस जिम्मेदारी को निभाते हुए उन्हें तीन बार के जीते हुए यशपालसिंह सिसौदिया से लड़ना होगा।

#### श्यामलाल का भी चला नाम, लेकिन, पिछले चुनाव का सेबोटेज खा गया...

जानकारो की माने तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए श्यामलाल जोकचंद और महेन्द्रसिंह गुर्जर का नाम भी चला था। लेकिन, श्यामलाल द्वारा पिछले विधानसभा चुनाव में खुलकर कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया का विरोध किया गया था। जिसके पुख्ता सबूत भी परशुराम समर्थको ने आला नेताओ को उपलब्ध कराए थे। यही कारण रहा कि उन्हें विधानसभा में भी टिकट नहीं दिया गया और ना ही जिलाध्यक्ष के लिए उनके नाम पर चर्चा की गई।

#### परशुराम खेमे में उत्साह...

इधर गुरुवार देर रात जैसे ही मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से परशुराम सिसौदिया का टिकट होने की सूचना मिली। सिसौदिया समर्थको में खुशी की लहर फैल गई। परशुराम खेमें में उत्साह का वातावरण देखा गया। उनके मंदसौर मेघदूत नगर कार्यालय के बाहर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओ और उनके समर्थको की भीड़ देखी गई। जिससे प्रतित हो रहा है कि परशुराम सिसौदिया इस बार पिछले बार के मुकाबले दुगने उत्साह और नई रणनीति से चुनाव लड़ेंगे। श्री सिसौदिया मंदसौर आने के बाद देवरे धोकने के काम में लग गए है। उन्होंने श्री नालछामाता, श्री पशुपतिनाथ महादेव सहित कई धार्मिक स्थानो पर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।





# कांग्रेस में कलह: जोकचंद खेमा तगड़ा नाराज

## निर्दलीय मैदान में उतरने की संभावना, कार्यालय पर समर्थकों के साथ की बैठक

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जैसा की माना जा रहा था कि मल्हारगढ़ में टिकिट वितरण के बाद कलह की स्थिति बन सकती है। इसका कारण है कि यहां श्यामलाल जोकचंद और परशुराम के बीच कांग्रेस विभाजित है। परशुराम सिसौदिया का टिकिट फाईनल होने के साथ ही श्यामलाल जोकचंद और समर्थकों में नाराजगी का दौर शुरु हो गया। इधर यदि श्यामलाल जोकचंद का टिकट होता तो परशुराम समर्थक विरोध में खड़े हो जाते। इसलिए यह कयास तो पहले ही लगाया जा रहा था कि नेतृत्व कुछ भी निर्णय ले, कलह होना तो तय है।

इधर परशुराम के टिकट से नाराज जोकचंद समर्थको ने सोशल मीडिया पर इस्तीफे तक दे डाले। यहां तक की श्यामलाल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत भी दिए। इसको लेकर शाम को श्यामलाल जोकचंद के कार्यालय पर बैठक भी हुई। जिसमें कई समर्थक मौजूद रहे। मल्हारगढ़ में पहले ही श्यामलाल जोकचंद और परशुराम सिसौदिया के बीच टिकिट को लेकर एक मैच चल रहा था। लंबे समय से मल्हारगढ़ में मानो दो कांग्रेस परशुराम और श्यामलाल के रूप में चल रही है। सामंजस्य को लेकर दिग्विजयसिंह सहित कई नेताओं ने भी प्रयास किए। लेकिन, संभावना अनुरूप टिकिट की घोषणा के साथ ही नाराजगी का दौर शुरु हो गया।

श्यामलाल जोकचंद और उनके समर्थकों को इस बार उनके टिकिट की पूरी उम्मीद थी। लेकिन, परशुराम को यहां से मैदान में उतारा गया। सोशल मीडिया पर श्यामलाल समर्थकों ने नाराजगी जताई। साथ ही श्यामलाल के निर्दलीय मैदान में उतरने तक के संकेत दे डाले। फिलहाल अभी तक न मान मनव्वल के लिए कोई नेता पहुंचा है और न ही श्यामलाल जोकचंद के निर्दलीय चुनाव में उतरने की पुष्टी हुई है।

#### चौथा जैन उम्मीदवार जावरा से श्रीमाल...

संसदीय क्षेत्र की आठ में से 4 जगह पर कांग्रेस ने जैन समाज के व्यक्तियो पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने 4 स्थानो पर जैन समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। मनासा से नरेंद्र नाहटा और मंदसौर से विपीन जैन की घोषणा पहले ही हो गई थी। इसके बाद दूसरी सूची में गरोठ से सुभाष सोजतिया और जावरा से हिम्मतसिह श्रीमाल को टिकट दिया गया है। मतलब जैन समाज से ताल्लुक रखने वाले हिम्मतसिंह श्रीमाल संसदीय क्षेत्र में चौथे उम्मीदवार है।

#### गरोठ-मल्हारगढ़ प्रत्याशियों पर एक नजर...

गुरुवार रात जारी हुई सूची के अनुसार जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा क्रमांक 225 से परशुराम सिसौदिया को कांग्रेस ने दोबारा मौका दिया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में परशुराम सिसोदिया जगदीश देवड़ा से 11 हजार 872 मतों से चुनाव हार गए थे। परशुराम सिंधिया समर्थक थे। लेकिन, सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद भी पार्टी का दामन नहीं छोड़ा इसी कारण से कांग्रेस ने उन पर दोबारा भरोसा जताया है। 47 साल के सिसौदिया एससी वर्ग से आते है। ग्रेजुएट तक शिक्षित परशुराम का मुख्य व्यवसाय कृषि है। एक बार फिर उनका मुकाबला भाजपा के कद्दावर नेता जगदीश देवड़ा से होगा। गरोठ विधानसभा से भी कांग्रेस ने दोबारा सुभाष कुमार सोजातिया पर भरोसा जताया है। 71 साल के सुभाष कुमार सोजातिया ग्रेजुएट है और पेशे से किसान व व्यवसायी है। सोजातिया पर कांग्रेस तीन दशकों से भरोसा जताती आई है। सोजातिया पहली बार 1985 मे गरोठ विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते। तब से 9 बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें चार बार जीत हासिल हुई। वहीं पांच बार हार का सामान करना पड़ा। अब 10वीं बार सुभाष कुमार सोजातिया विधानसभा चुनाव में गरोठ से अपनी किस्मत आजमाएंगे। हालांकि भाजपा गरोठ में अब तक प्रत्याशी का निर्णय नहीं कर पाई है।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन और चहुंमुखी विकास पहली प्राथमिकता-सोजतिया

**अमित हरसोला**

**भानपुरा, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भ्रष्टाचार मुक्त शासन, क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और सभी लोगो को रोजगार मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के साधन उपलब्ध हो, आमजन को मुलभुत सुविधाएं जिसमें उचित चिकित्सा व्यवस्था व उच्च शिक्षा मेरी प्राथमिकता रहेगी।

यह बात गरोठ-भानपुरा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष सोजतिया ने कही। वे उम्मीदवारी घोषित होने के बाद इस प्रतिनिधि से चर्चा कर रहे थे। श्री सोजतिया दो बार मंत्री व इस क्षेत्र से चार बार विधायक रह चुके है। उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों मेंं 15 माह के कार्यकाल को छोड़कर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अव्यवस्थाओं का अंबार है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। आम आदमी इन अव्यवस्थाओ व भ्रष्टाचार से परेशान है। श्री सोजतिया ने कहा कि कांग्रेस के शासन ओर मेरे विधायक कार्यकाल में क्षेत्र में हजारो बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया, किसानों को उनकी फसल के पुरे दाम दिलाए ओर प्राकृतिक विपदा में किसानों को हर संभव मदद दिलाई गई।



उन्होंने कहा कि पार्टी ने मेरे उपर जो विश्वास जताया उसके लिए में आभारी हूं ओर में विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। विधायक बनने के बाद गरोठ को जिला बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के साधन उपलब्ध कराना, इसके लिए क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना मेरा पहला लक्ष्य रहेगा, जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में गरोठ-भानपुरा विधानसभा क्षेत्र एक पिछड़े क्षेत्र के रुप में पहचाना जाने जाना लगा है। इस मिथक को दूर कर संपूर्ण विकास कार्य कराए जाएंगे।

# बस की टक्कर से दंपति सहित मासूम घायल

**गरोठ, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा से अहमदाबाद जाने वाली निजी यात्री बस की टक्कर बाईक सवार दंपति और उनकी 8 माह की मासूम घायल हो गई। जिनका उपचार गरोठ के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार श्यामलाल पिता मांगीलाल मीणा उम्र 30 वर्ष निवासी देवरिया मौसी के यहां बाबुल्दा के पास पिपलिया गांव में मौसर के कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था। वापसी में गांव बरडिया बामणी के पास पीछे से आ रही निजी यात्री बस ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार श्यामलाल पिता मांगीलाल उम्र 30 वर्ष निवासी देवरिया, तुलसी बाई पति श्यामलाल उम्र 27 वर्ष तथा उनकी आठ माह की पुत्री प्राची घायल हो गए। घायलो को कार्यक्रम में से आ रहे लोगों द्वारा गरोठ अस्पताल लाया गया। तीनो घायलो को उपचार चल रहा है।

# आस्था के आगे बोनी होती महंगाई

## उपवास की सामग्री के दामों में हुई बढ़ोतरी, भक्तों का उत्साह बरकरार

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आस्था के आगे महंगाई भी बोनी होती दिख रही है। इन दिनो नवरात्री महोत्सव चल रहा है। जिसे लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र में लोग शक्ति की भक्ति में डूबे हुए है। इन दिनो बड़ी संख्या में श्रृद्धालु व्रत-उपवास करते है। इनमें उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री के भाव नवरात्र शुरु होने से पहले ही बढ़ गए थे। लेकिन, आस्था पर महंगाई का कोई असर नहीं पड़ा।

नवरात्रि शुरु होने से कुछ समय पहले ही साबूदाना, मुंगफली दाना, राजगिरा व सिंघाड़ा आटा के दाम में पांच से लेकर दस रुपये तक बढ़े हैं। आलू चिप्स की कीमत में दस रुपये की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। उपवास के दौरान आलू चिप्स के साथ ही ड्राइफ्रूट्स और फलों की भी मांग ज्यादा रहती है। बाजार में कई तरह के फल उपलब्ध है। पूजन सामग्री धूप पैकेट, कपूर, अगरबत्ती, सिंदूर के दाम भी बढ़े हैं। लेकिन, नवरात्रि पर्व समापन की और है। अभी तक त्यौहार के उत्साह में महंगाई का कोई खलल देखने को नहीं मिला है।

नवरात्र के दौरान नारियल के दाम भी पांच रुपये तक बढ़ गए हैं।आम दिनों में नारियल 15 रुपये के बिकता था, लेकिन वर्तमान में नारियल के दम 17 से 20 रुपये नग पर पहुंच गया है। थोक व फुटकार के भाव में अलग-अलग अंतर है। इसी तरह सूखे मेवे के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। व्यापारी नीतेश देवड़ा के मुताबिक मखाना 65 रुपये में आधा किलो बिक रहा है। चिंरोजी के दाम भी 12 हजार 500 के करीब है। इधर फलो के दाम में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# आवासीय क्षेत्र में पटाखों का स्टॉक करने वाले तीन लोगों पर मामला दर्ज

**शामगढ़, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में आवासीय (रिहायशी) इलाकों में पटाखों के अवैध स्टॉक पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में पटाखें बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीवम पिता मुकेश अरोड़ा उम्र 24 साल निवासी पंजाबी कॉलोनी शामगढ़ के आशीर्वाद होटल के पास स्थित गोदाम से करीब 5 लाख रुपए कीमत की 30 पेटी कार्टून में भरे पटाखें बरामद किए गए। इसी तरह हितेश पिता बौधराज धींगरा उम्र 43 साल निवासी मधुर कॉलोनी शामगढ़ के डिंपल चौराहा स्थित धींगरा एजेंसी दुकान में रखें 6 लाख रुपए की कीमत के 40 पेटी कार्टून पटाखें बरामद किए गए। वहीं कन्या शाला रोड़ पंजाबी कॉलोनी स्थित राहुल पिता कैलाश चंद्र धनोतिया उम्र 30 साल निवासी शामगढ़ के मकान में एक लाख रुपए कीमत के पांच पेटी कार्टून पटाखों से भरे हुए बरामद किए गए। तीनों मामलो में शामगढ़ पुलिस ने दिवम, हितेश और राहुल के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# अवैध होर्डिंग्स हटाने के लिए मैदान में उतरा नपा अमला



**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता में रोजाना दर्जनों बैनर, होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं। सख्ती इतनी है कि एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है। लेकिन, शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स आचार संहिता पर भारी पड़ रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि अनुमति दो सौ की भी नहीं है। जबकि, शहर में पांच सौ से अधिक होर्डिंग्स लगे हुए है। वर्तमान हो या पूर्व, कई कलेक्टर अवैध होर्डिंग्स हटाने को लेकर निर्देश-आदेश जारी कर चुके हैं। लेकिन, नपा की सुस्ती उड़ने का नाम नहीं ले रही है।




इस संबंध में दैनिक 'गुरु एक्सप्रेस' ने 18 अक्टूबर के अंक में 'बिना अनुमति टंगे होर्डिंग्स आचार संहिता पर भारी 'शीर्षक से एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके




बाद नगरपालिका के अधिकारियों की नींद खुली। शुक्रवार को नगरपालिका का अमला शहर में अवैध होर्डिंग्स हटाने के लिए निकला। जिसने कई जगहों से अवैध होर्डिंग्स और फ्लेक्स हटाए। बताया गया है कि यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी।

# सिर्फ अल्पसंख्यकों के भरोसे चुनाव जीतेगी कांग्रेस..?

**मंदसौर/उज्जैन, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि बेतरतीब टिकट बांट कर कई बहुसंख्यक मत वाले वर्गो को नजर अंदाज किया है। भाजपा ने संतुलन बनाए रखा इसलिए 150 सीटे तक जीत का आंकड़ा पहुंच जाएगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती सभी राजनीतिक दलों के लिए कह चुकी है की सबसे ज्यादा मत पिछड़ो के हैं इसलिए उनको अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यह बातें किसी राजनीतिक दल को बताने की जरूरत नहीं होती है। उनके खुद के पास प्रदेश भर के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का भौगोलिक और सामाजिक इंडेक्स उपलब्ध रहता है। इसलिए सभी दल सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों के चयन में ध्यान रखते हुए जनमत पाने की योजना बनाते हैं।

बहुसंख्य जनमत वाला वर्ग अगर किसी दल से नाराज हो जाए तो सत्ताधारी दल को भी जमीन दिखा देते हैं। ताजा उदाहरण कर्नाटक में लिंगायत समाज ने उपेक्षा के कारण भाजपा को अर्थ से फर्श पर पटक ही दिया। बात मध्यप्रदेश की हो रही है यहां तो अब जनमत में यह संदेश जा रहा है कि राहुल गांधी की पदयात्रा ने जो माहौल जनता में कांग्रेस के लिए बनाया है। उसे प्रदेश के शीर्ष नेता मिट्टी में मिला दे रहे हैं। जावरा-नीमच संसदीय क्षेत्र में असंतुलित प्रत्याशियों के नाम सुन प्रत्येक राजनीतिक अचरज कर रहे हैं। बानगी देखिए क्षेत्र की आठ विधानसभा में से चार अल्पसंख्यक जैन समाज को देकर उपकृत किया है। जावरा से हिम्मत श्रीमाल, मंदसौर से विपिन जैन, मनासा से नरेंद्र नाहटा और भानपुरा गरोठ से सुभाष सोजतिया को प्रत्याशी बनाया गया है। विपिन जैन और हिम्मत श्रीमाल नए प्रत्याशी हैं। जबकि, नरेंद्र नाहटा और सुभाष सोजतिया 1984 से प्रत्याशी बनते आ रहे हैं। इनके अलावा प्रदेश में 7 और प्रत्याशी इसी समाज के कांग्रेस ने घोषित किए हैं।



चन्द्रमोहन भगत

कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। राजनीतिक जानकारों के अलावा देखने सुनने वाले अचरच से एक दूसरे से यह जानने का प्रयास करते नजर आए कि किस सामाजिक भौगोलिक जातीय पैमाने से चयन किया गया है। या सिर्फ एक दूसरे को निपटाने का या सुपारी लेकर भाजपा की जीत को आसान बनाने के लिए ! राजनीतिक, सामाजिक वर्ग के प्रतिनिधि भी समझ नहीं पाए हैं कि यह कौन सा पैमाना कांग्रेस मुख्यालय के सूरमाओं ने अपनाया है। फिर अब चुनावी शतरंज की बिछात तो बीछ गई है। प्रत्याशियों की तैनाती भी हो ही चुकीहै। असंतुलित या गलत जो भी है, अब बस यही थे सामने या जानकार लाए और तैनात किए गए तो जीतने की कल्पना भी करना बेकार है!

ऐसा कांग्रेस हाईकमान तब कर रहा है। जबकि, विपक्ष में रहते बीते तीन चुनाव में भी इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हार रहे हैं। इनमें उमराव गुर्जर, नरेंद्र नाहटा, सुभाष सोजतिया, परशुराम सिसोदिया और राकेश पाटीदार पिछला चुनाव भी हारे हुए प्रत्याशी हैं। अब फिर मैदान में है। जनमत के भरोसे, कार्यकर्ताओं के भरोसे या अपने संगठन के भरोसे यह अभी अदृश्यता बनाए हुए हैं कि किसके भरोसे चुनाव लड़ रहे हैं। अभी से कुछ कहना....?

# भव्य दशहरा उत्सव में गगनचुंबी रंगारंग आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन

**समिति ने कॉलेज मैदान, रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतलों के निर्माण कार्य का किया अवलोकन**





**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी विजया दशमी पर्व 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में मंदसौर के कॉलेज मैदान में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ भव्य दशहरा पर्व संध्या 6:30 बजे से मनाया जाएगा। समिति द्वारा इस बार 75 फीट उंचे रावण एवं 41, 41 फीट उंचे मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के पुतलों का दहन भव्य एवं आकर्षक गगनचुंबी आतिशबाजी के नजारों के साथ किया जाएगा। इस बार विजयादशमी पर्व पर मतदाता जागरूकता को लेकर भी शपथ दिलवाई जाएगी एवं सेल्फी झोन भी परिसर में बनाए जाएंगे।

आयोजन की तैयारी को लेकर समिति के पदाधिकरियों एवं सदस्यों ने शुक्रवार को रावण दहन स्थल कालेज ग्राउंड का निरीक्षण किया और निर्मित हो रहे पुतलो का अवलोकन किया। और आयोजन की तैयारियों लेकर चर्चा भी की। दशहरा उत्सव समिति से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, सचिव दिनेश नागर, समिति से जुड़े नरेन्द्र अग्रवाल, ब्रजेश जोशी ने आयोजन स्थल पर उपस्थित पदाधिकारी और सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि मंदसौर का दशहरा उत्सव संपूर्ण मालवांचल का प्रमुख उत्सव बन चुका हैं। कॉलेज मैदान में विजयदशमी पर्व पर 50 हजार से अधिक की संख्या में जनमेदिनी आयोजन में उपस्थित होती है इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति अन्य किसी आयोजन में नहीं होती हैं। इसलिए समिति से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्यो से आव्हान किया गया कि वे अपनी जिम्मेदारी और दायित्व का निर्वहन करते हुए अष्टमी से लेकर दशहरा पर्व तक प्रतिदिन कॉलेज मैदान में उपस्थित रहकर व्यवस्था को सुचारू रूप से निर्धारित करें उन्होंने बताया कि इस बार रावण की गर्दन घूमेगी, तलवार वाला हाथ चलेगा, आंखे झपकेगी और कोटा बूंदी के आतिशबाज द्वारा आतिशबाजी के एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज गगनचुंबी आकाशीय नजारे 2 घंटे तक प्रस्तुत किए जाएंगे ख चुनावी आचार संहिता के चलते मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा. ख उपस्थित जन्मेदनी को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाई जाएगी ख परिसर में सेल्फी झोन बनाए जाएंगे, साथ ही 6 स्थान पर पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। समारोह में आधे घंटे का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। समाजसेवी श्री नाहरु भाई ने बताया कि पुतलो में कुछ नए नवाचार भी किये जा रहे, रावण के मुंह से आग निकले ऐसे प्रयास समिति के चल रहे हैं। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति के सर्वश्री हेमंत अग्रवाल, राजेश पाठक, हितेंद्र भाटी, सुनील वैद्य, लोकेश पालीवाल, प्रीतेश राव, अनिल अग्रवाल, शरद तिवारी, विपिन जोशी, ऋषभ पोरवाल, आशीष त्रिवेदी, जितेंद्र पाटीदार, सुनील डबकरा, अंकुश पालीवाल, सतीश कबाडी, गौतम वप्ता, रविंद्र सिंह जादौन, कमलनयन गुप्ता, विकास सिंह बड़गोती, नंदू पोरवाल, अंकित बंसल, मनोज मंडेला, अमित अग्रवाल आशीष पालीवाल सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य गण उपस्थित थे. ख इस आशय की जानकारी दशहरा उत्सव समिति के प्रवक्ता राजेश पाठक ने दी।



# नौ किमी चलकर दूधाखेड़ी माताजी पहुंची विशाल चुनरी यात्रा

**बालाजी ग्रुप ने माताजी को चढ़ाई 1101 फीट की चुनरी, महिलाएं हुई कलश लेकर शामिल**

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महावीर फतेह करें सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) के द्वारा 20 अक्टूबर, शुक्रवार को भानपुरा तहसील स्थित प्रसिद्ध एवं चमत्कारिक दूधाखेडी माताजी मंदिर में 1101 फीट की चुनरी चढ़ाई गई।

लगातार आठवें वर्ष निकाली गई यह विशाल चुनरी यात्रा का शुभारंभ ग्राम बरडिया इस्तमुरार स्थित कालेश्वर मंदिर से गुरुदेव महंत रामकिशोर दास जी, गुरुदेव दशरथभाई जी शर्मा, गुरु माँ प्रियाग राज जी महाराज, गुरुदेव शिवकरण जी प्रधान, गुरु देव शिवनारायण जी शर्मा के सानिध्य व आशीर्वाद से हुआ। यहां पूर्व जनपद अध्यक्ष तूफानसिंह सिसोदिया, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह सिसोदिया, बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी, कला मंडल अध्यक्ष करण सिंह परिहार, समाज सेवी विनय दुबेला, वर्दीचंद कुमावत, पत्रकार सुरेश भावसार, प्रहलाद शर्मा, प्रवीण शर्मा, नवीन सोलंकी, श्री लाल धाकड़, दिलीप पंडित, मोहन झाला, गोविंद सिंह पटेल, जेलर सिंह, भारू बन्ना, गोविंद बापू, पहलवान सिंह, नारायण सिंह, उदेपाल, राहुल गोद आदि ने चुनरी यात्रा पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा प्रारंभ की। इस दौरान बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। ढाबला मनोहर से भी बालाजी ग्रुप के कार्यकर्ता व भक्त 1101 फीट की चुनरी यात्रा लेकर निकले से ढाबला मनोहर चौपाटी से चुनरी यात्रा में शामिल हुए। चुनरी यात्रा में आसपास क्षेत्र के अनेक गांवों से अनेक भक्तों ने शामिल होकर अपनी धार्मिक भावना को व्यक्त किया। हर व्यक्ति श्रद्धा के साथ माताजी के जयकारे करता हुआ चुनरी यात्रा में शामिल था। करीब 9 किलोमीटर चलकर यह यात्रा दुधाखेड़ी माताजी पहुंची जहां पूजा अर्चना कर भगवान को चुनर चढ़ाई गई। यात्रा में कलश लेकर महिलाएं आगे-आगे चल रही थी; छोटी-छोटी बालिकाएं मातृशक्ति के रूप में माता का रूप धर यात्रा में सम्मिलित थी। यात्रा में गुमान सिंह, दूल्हे सिंह, केसर सिंह, गंगाराम सिंह, शंकर सिंह, समुंदर सिंह, कालू सिंह, गोपाल सिंह, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, गजराज सिंह, ईश्वर सिंह, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, गजराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, गोवर्धन सिह, कमल सिंह, विक्रम सिंह, कुशाल सिंह, सरवन सिंह, गजराज सिंह, जसवंत सिंह, जसवंत सिंह, यशवंत सिंह, नेपाल सिंह, राम सिंह, उदयपाल पाटीदार, नंदकिशोर, करण सिंह, कालूराम, गोविंद सिंह, धीरज सिंह, गोविंद सिंह, बापू यशवंत सिंह गुर्जर व मंदसौर से गोविंद कहार बाबा, चीकू शर्मा, हेमंत कहार, रूपा पहलवान, प्रहलाद माली, मनोज वर्मा, विक्रम सैनी, नरेंद्र बाथम, दीपक वर्मा, जितेंद्र कहार, रामू कहार, विनोद चौहान, दीपक राव मराठा, रवि माली, अंकित गेहलोद, धरमपाल कहार, विक्रम वर्मा, दीपक देतवाल सहित अनेक भक्त शामिल हुए।

## चुनाव प्रचार-प्रसार एवं राजनैतिक गतिविधियों में बालश्रम का उपयोग वर्जित

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान राजनैतिक दल, प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले निर्वाचन प्रचार-प्रसार एवं राजनैतिक गतिविधियों में बाल श्रम का उपयोग बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, -1986 अंतर्गत पूर्णत:वर्जित किया है। जारी आदेशानुसार किसी भी राजनैतिक दल, प्रत्याशियों, निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यदि बाल श्रम का नियोजन किया जाना पाया जाता है, तो बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, -1986 की धारा-14 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 प्रक्रिया सम्पन्न होने तक प्रभावशील रहेगा।

## दीप जलाकर बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया



**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के नेतृत्व में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मंदसौर जिले की प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था ने कई गांवों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी, पंचायत, स्व सहायता समूह, स्कूल, सामाजिक संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधि में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज से बुराई को मिटाना था। इस दौरान 18 साल से कम वर्ष की आयु में विवाह नहीं करने का संकल्प लिया और शाम 5 बजे से रात को 8 बजे कई महिलाओं ने दीप जलाकर समाज में संदेश दिया कि बाल विवाह पूर्णतया बंद होना चाहिए ताकि समाज में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही मिडिल स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को शपथ दिलाई गई ना मैं बाल विवाह करूंगा और ना बाल विवाह होने दूंगा अगर मुझे या मेरे आस-पास कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो मैं पुलिस विभाग या महिला बाल विकास या ग्राम पंचायत के सरपंच को तुरंत सूचना दूंगा। प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था से उषा सोलंकी ने कई महिलाओं सहयोगी से इस कार्यक्रम करने की अपील की। कार्यक्रम में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सपोर्ट पर्सन दिनेश सोलंकी ने अहम भूमिका निभाई।

## पूर्व सैनिकों व सैनिकों ने की माता रानी की महाआरती



**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गांव सूर्यनगरी (अफजलपुर) के फौजी भाइयों द्वारा आयोजित फौजी गरबा मंडल में जिले के सभी भूतपूर्व सैनिक व छुट्टी पर आए कार्यरत सैनिकों को माता रानी की महाआरती में मुख्य अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया गया। जिसमें वहां उपस्थित भूतपूर्व सैनिक जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने फौजी गरबा पंडाल में गांव के युवक-युवतियों को आर्मी, बी एस एफ, सी आई एस एफ, सी आर पी एफ आदि भर्तियों में भाग लेने और खूब मेहनत करने के लिए प्रेरित किया एवं संगठन की तरफ से फौजी गरबा मण्डल को दान राशि माताजी के चरणों में समर्पित किए गए। बाद में उपस्थित सभी फौजी भाईयों ने मिलकर गरबा पांडाल में जोरो शोरो से गरबा और देशभक्ति गानों पर नृत्य भी किया।

फौजी गरबा मंडल में माता रानी की महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन आदित्य राज चंद्रावत, जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, संगठन मंत्री दिनेशचंद जाट, दलौदा तह.प्रभारी संतोष राव, कमल सिंह चंद्रावत, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, उप मिडिया प्रभारी नरेंद्र खटवड, बंशीलाल पाटीदार, मदनलाल धनगर, बादरसिंह, दीपक सोनी, महेन्द्र जोशी, रामनारायण गुर्जर, प्रहलाद राठौड़, शंकर धाकड़, अश्विन कुमार, विनोद धनगर, आकाश द्विवेदी, दशरथसिंह राठौड़, देवीलाल धनगर, कुलदीप डांगी, अनिल प्रजापत, राजू विश्वकर्मा, सागरसिंह चंदेल, मुकेश डांगी, घनश्याम शिकारी, जाकिर हुसैन, अर्जुन डांगी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं कार्यरत सैनिक उपस्थित रहे।

## नीमच, जावद एवं मनासा विस क्षेत्र के लिए नीमच में प्राप्त किये जायगे नामांकन पत्र

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी विधानसभा निर्वाचन, 2023 के अन्तर्गत, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 09 अक्टूबर2023 को निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है तथा 21 अक्टूबर 2023 को प्रात: 11.00 बजे निर्वाचन कार्यक्रम की लोकसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का कार्य आरंभ होगा।

नाम निर्देशन पत्र 21 से30 अक्टूबर 2023 के मध्य कार्यकारी दिवस में प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे के मध्य प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को प्रात: 11.00 बजे से की जाएगी तथा नाम वापसी 02 नवम्बीर 2023 को अपरान्ह 03.00 बजे तक की जा सकेगी वि.स.क्षेत्र क्र .228-मनासा के लिए न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला-नीमच का न्यायालयीन कक्ष, वि.स.क्षेत्र क्र 229-नीमच के लिए संयुक्त तहसील कार्यालय भवन, नीमच के भू-तल का कक्ष क्रमांक-6 एवं वि.स.क्षेत्र क्र230 जावद के लिए संयुक्त तहसील कार्यालय भवन, नीमच के भूतल का कक्ष क्रमांक-13में नाम निर्देशन पत्रों की कार्यवाही की जावेगी। नामांकन के दौरान 100 मीटर क्षेत्र में केवल 03 वाहनों के प्रवेश की तथा रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में अभ्यर्थी सहित 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच द्वारा दी गई है।

## केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक बालकृष्णन एस एवं अरूण कुमार आज नीमच आयेगें

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत नीमच जिले की विधानसभा क्षेत्र नीमच एवं जावद के लिए भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी श्री बालकृष्णन एस.एवं विधानसभा क्षेत्र मनासा के लिए भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी श्री अरूण कुमार को केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक नियुक्ति किया गया है। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकगण आज 21 अक्टूबर 2023 को नीमच आयेगें।

## शास्त्रीजी के प्रवचन आज

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मंदसौर के अध्यक्ष श्री मधुसूदन आर्य ने बताया कि आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023, शनिवार को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक आर्य समाज मंदसौर में होशंगाबाद से पधारे श्री योगेन्द्र शास्त्री के प्रवचन होंगे। श्री आर्य ने समस्त महानुभाव से पधारकर प्रवचन का लाभ उठाने की अपील की है।



## सुवासरा पुलिस और आईटीबीपी ने निकाला नगर में फ्लेग मार्च

**सुवासरा, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर शुक्रवार को सुवासरा नगर व अजयपुर, बसई, कांटिया, रुणीजा, मैं भ्रमण किया किया पुलिस और आईटीबीपी इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों ने नगर के नया बस स्टैंड से फ्लेग मार्च निकाला जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देश अनुसार विधानसभा चुनाव 2023 में सामान्य निर्वाचन को लेकर सुवासरा नगर के मुख्य मार्ग से फ्लेक्स मार्च से निकाला गया इस दौरान सुवासरा थाना निरीक्षक रामुंडा कटारा एवं उप निरीक्षित शिवांशु मालवीय ने प्लेग मार्च के द्वारा नागरिकों को चुनाव के दौरान प्रदेश भर में लागू आचार संहिता का पालन करने वोटिंग करने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग कर अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की गई।

## एनफोर्समेंट एजेंसी के सभी नोडल संयुक्त कार्यवाही करें-कलेक्टर



**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** व्यय लेखा अंतर्गत एनफोर्समेंट एजेंसी के नोडल अधिकारियों की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि एनफोर्समेंट एजेंसी से जुडे सभी अधिकारी संयुक्त रूप से मिलकर कार्यवाहियां करें। कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आबकारी विभाग ने अब तक ढाबों पर कार्यवाही की गई, उन ढाबों को सील करें। रेलवे पुलिस चेकिंग के दौरान संदिग्ध लोगों को चिन्हित करें। उनकी अच्छे से जांच पड़ताल की जाए। अफीम अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। अफीम विभाग द्वारा अगर कार्यवाही नहीं की गई तो इस संबंध में आयोग को कार्यवाही के लिए पत्र जारी किया जाएगा। लीड बैंक मैनेजर बैंकों में हो रहे केश लेनदेन पर निगरानी रखें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी सहित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## नीमच जिले में विधानसभा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन आज

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अंतर्गत 21 अक्टूीबर 2023, को निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2023 नियत की गई है। नाम निर्देशन पत्र 21 से 30 अक्टूमबर 2023 के मध्या कार्यकारी दिवस में प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुरत किये जा सकेगें। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तारीख 2 नवंबर 2023 नियत की गई है। 17 नवंबर 2023, को मतदान कराया जाएगा। मतगणना 3 दिसंबर 2023 को कराई जाएगी।

अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाईन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से कर सकता है। नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म-2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म-26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी-1 एवं सी-4 देना होगा। नीमच जिले में कुल 6 लाख 10 हजार 80 मतदाता है। जिसमें 3 लाख 60 हजार 606 मलिआएं, एवं 3 लाख 94 हजार 467, पुरूष और 7 अन्य8 मतदाता है। जिले की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की सुविधा के लिए 743 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय नीमच में 07423-257566 पर कन्ट्रोकल रूम स्थाकपित किया गया है। कन्ट्रोरल रूम 24 द 7 कार्यरत है। साथ ही जिला स्त-रीय कॉल सेंटर के टोल फ्री नम्बर-1950 पर भी सम्पलर्क कर, निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्तो की जा सकती है। शिकायत दर्ज की जा सकती है।

## रांगोली प्रतियोगिता से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिला नीमच के निर्देशानसुार विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतदाता जागरूकता अभियान गतिविधियों अंतर्गत स्वीप प्लॉन नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर एवं सीईओं जिला पंचायत श्री गुरूप्रसाद के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बीएसडब्लनयू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय ऑनलाईन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली बनाई गयी एवं रंगोली बनाने के उपरांत रंगोली का फोटो अपने नाम एवं स्थान सहित विभाग के वाटसअप ग्रुप पर प्रेषित किये गये। महिला एवं पुरूष दोनो प्रकार के विद्यार्थियों द्वारा काफी अच्छी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जिसमें 49 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान पूजा पाटीदार मनासा, द्वितीय स्थान संजना ओझा नीमच, एवं तृतीय स्थाान अनिश आयुषी पाराशर जावद ने प्राप्त किया। विकासखण्ड स्तर पर एमएसडब्यू जिसमें मनासा ब्लॉक में में काजल पाटीदार ने प्रथम, अनुराधा ने द्वितीय, मनाक्षी ने तृतीय, नीमच ब्लॉक में सुधीर व्यास प्रथम, रूक्सार बानों द्वितीय, आरती अहीर तृतीय स्थान तथा जावद ब्लॉक मे सोनाली राजपूत प्रथम, सरोज भटेवरा द्वितीय, विनिता बैरागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार बीएसडब्यॉवित में नीमच ब्लॉक मे पूजा गेहलोत प्रथम, राधा यादव द्वितीय, हेमलता तृतीय, जावद ब्लॉक में आरती पंवार प्रथम व विनोद नारानिया ने द्वितीय तथा मनासा ब्लॉक में धापु प्रथम, किरण विश्वकर्मा द्वितीय, मोनिका तोडकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतियोगियों को विभाग द्वारा आगामी समय में पुरूस्कृत किया जायेगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 419 | 1601 | 2200 |
| उडद | 82 | 4801 | 9852 |
| सोयाबीन | 6000 | 3800 | 4980 |
| गैहु | 3000 | 2400 | 3301 |
| चना | 325 | 4851 | 6272 |
| मसुर | 147 | 3000 | 6191 |
| धनिया | 402 | 5240 | 6810 |
| लहसुन | 15000 | 7000 | 17000 |
| मैथी | 528 | 5960 | 7251 |
| अलसी | 1558 | 4600 | 5180 |
| सरसो | 334 | 4900 | 5250 |
| तारामीरा | 10 | 4621 | 4865 |
| इसबगोल | 30 | 13096 | 21501 |
| प्याज | 1415 | 1000 | 3140 |
| कलोंजी | 68 | 10000 | 16451 |
| डॉलर | 4 | 13453 | 14451 |
| तिल्ली | 6 | 11000 | 16720 |
| मटरसुखी | 15 | 2000 | 3710 |
| असालीया | 4 | 7753 | 10542 |

# शराब पीने की बात पर कर दी थी चौकीदार की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के कंचन नगर इंडस्ट्रीज एरिया में गुरुवार को एक शव मिला था। वह वेयर हाऊस में चौकीदार था और वहां शराब पीने की बात पर हुए विवाद में चार युवको ने उसकी पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया था।

वायडी नगर टीआई संदीपसिंह मंगोलिया ने बताया कि गुरुवार को कंचन नगर औघोगिक क्षेत्र मे झाड़ियों के अंदर मृतक रकम लाल पिता मोतीलाल निनामा निवासी बड़ा थाना पिपलखुंट प्रतापगढ राजस्थान का शव संदिग्ध अवस्था मे मिला था। घटना स्थल की बारिकी से जांच पुलिस व एफएसएल टीम द्वारा की गई एवं बड़े अस्पताल में मृतक का पीएम कराया गया। मामले में थाना वायडी नगर पर मर्ग धारा 174 जा.फो. का कायम कर जांच मे लिया गया।

दौराने जांच पता चला कि बीती 16 अक्टूबरको दिन मे कंचन वेयर हाउस के पास चौकीदार से पूछताछ करते अकरम व उसके तीन साथियों ने मृतक का मोबाईल अपने पास रखकर उसके बदले मे शराब पीने की बात कही थी। जिसे लेकर विवाद हुआ था। आसपास के लोगो पूछताछ की तो बताया की अकरम व उसके साथियों ने लोहे के सरिये , लकड़ी व पत्थरो से कुचलकर रकमलाल की हत्या कर भाग गये थे।



वायडी नगर पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर चारो आरोपी अकरम उर्फ गांजा पिता मोहम्मद खां मेवाती 28 साल निवासी झुग्गी झोपड़ी मंदसौर, अरबाज उर्फ घसीटा पिता जाकीर शाह फकीर उम्र 19 साल निवासी वसीम किराना दुकान के पास इन्द्राकालोनी मन्दसौर, अमजद खान पिता रशीद खान उम्र 22 साल निवासी शर्मा फर्नीचर के पास वाली गली इंद्रा कॉलोनी मंदसौर और रेहान उर्फ दुर्लभ उर्फ रेहान काला पिता युनुस मेवाती उम्र 18 वर्ष निवासी शाहिद मामु की दुकान के पीछे इन्द्राकालोनी मन्दसौर की तलाश कर 24 घण्टे मे चारो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले मे मर्ग पर धारा 302,34 भादवि व 3 (2)(वी) एसटी एससी एक्ट का कायम कर आरोपियो से पूछताछ कर विवेचना की जा रही है।

**सराहनीय कार्य** - इस गुत्थी को जल्द सुलझाने में निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलिया, उनि धर्मेश यादव, उनि पूणिमा सिरोहिया, सउनि राधेश्याम प्रजापति, सउनि अंतर सिंह जादोन, प्रआर दिनेश धाकड, आशीष शुक्ला, साजीद मंसूरी, मुकेश दिया, आर. लक्ष्मण भाटी, भूपेन्द सिंह, पुष्पेन्द सिंह, विमल सांखला एवं उनकी टीम का योगदान रहा।

## ईलाज में लापरवाहीः दो एएनएम पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज

पिपलिया मंडी, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। बीमार महिला के ईलाज में लापरवाही होने से महिला की जान चली गई थी। पुलिस ने चार माह बाद जांच पूरी कर दो एएनएम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

पिपलियामंडी थाना पुलिस ने बताया कि बीती 19 जून को भावना पति विजय बोराना निवासी वही पारसनाथ को उपचार के लिए कनघट्टी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। यहां महिला के ईलाज में लापरवाही बरती गई। इसी लापरवाही के चलते महिला की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच के बाद अस्पताल में उस समय पदस्थ दोनों एएनएम राधा पति सुनील सुथार और संगीता पति मुकेश कुमावत निवासी कनघट्टी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि भावना का लापरवाही पूर्वक ईलाज करने से उसकी जान गई थी। दोनों एएनएम के खिलाफ धारा 304 ए, 34 के तहत केस दर्ज किया है।

# मप्र में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में आएंगे शाह, राजनाथ और गडकरी जैसे दिग्गज

भोपाल, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। मिशन 2024 से पहले मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को भाजपा सेमीफाइनल मान कर लड रही है। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से ही भाजपा शक्ति प्रदर्शन कर बढ़त लेने का प्रयास करेगी। इसके लिए विधानसभा चुनाव-2023 के प्रत्याशियों के नामांकन में धूम-धड़ाके की तैयारी है। प्रत्याशियों के नामांकन से पहले बड़ी सभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह व नितिन गडकरी जैसे दिग्गज मौजूद रहेंगे। भाजपा ने लगभग डेढ़ सौ सीटों की सूची तैयार की है, जहां पर दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र भरवाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि दिग्गज नेताओं के आने से पार्टी के प्रति माहौल बनेगा और कार्यकर्ता भी उत्साह के साथ चुनाव प्रचार में जुटेंगे। पार्टी नामांकन रैलियों के जरिए ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि कांग्रेस का आत्मविश्वास कमजोर हो जाए।

शनिवार 21 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों को जमा करने का काम आरंभ हो जाएगा। 30 अक्टूबर को



अंतिम तिथि के पहले नवमीं-दशहरा जैसे त्योहार और शनिवार-रविवार के अवकाश के कारण नामांकन पत्रों को जमा करने के लिए कम दिन मिलेंगे। मात्र छह दिन में भाजपा लगभग डेढ़ सौ सीटों में नामांकन पत्र के दौरान कार्यक्रम करने की तैयारी में है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह जैसे बड़े नेताओं के नामांकन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति इरानी, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, अश्विन वैष्णव और असम के मुख्यमंत्री हेमेत बिस्वा सरमा जैसे केंद्रीय नेता शामिल होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी नामांकन रैलियों में शामिल होंगे। कार्यक्रम ऐसा तैयार किया जा रहा है कि एक दिन में कई क्षेत्रों के नामांकन पत्र भरवाए जा सकें। दरअसल, इस कवायद के पीछे की वजह यही है कि भाजपा ने अब तक सात सांसदों सहित तीन केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतारा है। दूसरी वजह, भाजपा हर हाल में मप्र का विधानसभा चुनाव जीतना चाहती है। एक अन्य वजह भाजपा के साढ़े अठारह वर्ष के कार्यकाल से उपजे सत्ता विरोधी रुझान को ठंडा करना है। प्रत्याशियों के स्थानीय विरोध को शांत कराकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस को हराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भी बड़े नेता कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे।

## रसायन विभाग द्वारा यूथ टू यूथ कनेक्ट कार्यक्रम संपन्न



मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर ने विष्व मानक सप्ताह के तहत भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के निर्देश पर मानक क्लब, यूथ टू यूथ कनेक्ट केम्पेनिंग कार्यक्रम आज दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 को आयोजित किया गया। जिसमें गुडहेल्थ एंड बिंग वेल थीम पर सेमिनार आयोजित किया गया। महाविद्यालय के डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि किसी भी उत्पाद को क्रय करते समय हमें सावधानी रखनी चाहिए एवं मुद्रा की सही पहचान हो सके, इस हेतु बी.आई.एस. (भारत मानक ब्यूरो) निर्माताओं को मानक मुहर के प्रयोग के लिये लायसेंस देता है। यह सुरक्षित, विष्वसनीय एवं गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करता है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कविता बुन्देला, विभागाध्यक्ष रसायन विभाग, शास.कन्या महावि., मन्दसौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बी.आई.एस. उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और जोखिम को कम करने में मदद करता है। कार्यक्रम की थीम गुड हेल्थ एवं बिंग वेल के अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम सभी को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अपनी मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

महाविद्यालय की मानक क्लब की मेंटर एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. खुषबू मंडावरा ने मानक मित्रों को बी.आई.एस. केयर एप के बारे में जानकारी दी एवं भारत मानक ब्यूरो भोपाल द्वारा प्रदत्त बेज, केप एवं पेम्पलेट वितरित किये तथा उन्हें दूसरे विद्यार्थियों को भी जागरूक करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष डॉ. टी.के. झाला ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए रसायन विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान प्रो. राजेष भावसार, प्रो. अभय कुमार पटेल, श्रीमती शीला जैन, प्रो. पूजा गर्ग, श्रीमती मनीषा कोठारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थिति विद्यार्थियों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रो. षिवानी जाट ने माना।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ



मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती शिवानी गर्ग ने संभाग स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों कोमतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

## पूर्व सैनिकों ने नम आंखों से दी अपने साथी को अंतिम विदाई



नाहरगढ़, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। विगत शुक्रवार को नाहरगढ नई आबादी निवासी पूर्व सुबेदार श्री सुधीर शर्मा उम्र 65 वर्ष पिछले एक वर्ष बीमारी से ग्रसित थे, किंतु शुक्रवार को दोपहर निधन होगया, जिनकी शव यात्रा अपने निजी निवास होकर मुक्तिधाम पहुंची, शर्मा के पार्थिव शरीर पर पूर्व सैनिक श्रद्धांजलि अर्पित की, शर्मा ने फ़ौज में सूबेदार पद पर 17 वर्ष मां भारती सेवा की,इस गमगीन माहौल में परिवार पूर्व सैनिकों ने अपने साथी को नम आखों से अंतिम विदाई दी। इस अवसर, दिवंगत पूर्व सूबेदार श्री सुधीर दत्त शर्मा नाहरगढ के अंतिम संस्कार में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर के श्री चंद्रपाल सिंह जी एवं श्री अभिषेक एवम पूर्व सैनिक संगठन से पूर्व नायब सूबेदार शम्भू गिरी गोस्वामी , पूर्व सैनिक धर्मेंद्र सोनी , पूर्व सैनिक रामप्रसाद गहलोत एवं पूर्व सैनिक कोमल प्रसाद माली एवम नाहरगढ़ थाना प्रभारी व स्टाफ ने पुष्प चक्र व श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## कलेक्टर ने मल्हारगढ़ आरओ कक्ष का निरीक्षण किया



मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने मल्हारगढ़ में रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष का निरीक्षण किया। आगामी 21 अक्टूबर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने मल्हारगढ़ में आरओ कक्ष का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान की। शनिवार से चारों विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन में प्रत्याशी का आवेदन जमा करने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। नाम निर्देशन का काम आगामी 30 अक्टूबर तक चलेगा। 31 अक्टूबर को जितने भी नाम आए हैं। उनकी जांच की जाएगी। 2 नवंबर को नाम वापसी का दिन है। उस दिन कोई भी व्यक्ति अपना नाम वापस ले सकता है। 2 नवंबर के दिन ही अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके पश्चात 17 नवंबर को मतदान होगा।इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यौम उपस्थित थे।

## पाटीदार समाज महिला संगठन ने किया गरबा का आयोजन



मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। पाटीदार समाज महिला संगठन द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां अंबे की आराधना हेतु दो दिवसीय गरबा आनंदम रिजॉर्ट (लायन डेन) डी मार्ट के पास आयोजित किया गया। जिसमें सभी मातृशक्ति ने भारतीय संस्कृति परिवेश में मां अंबे की आराधना की। इस अवसर पर पाटीदार समाज मंदसौर नगर की सभी मातृशक्ति परिवार सहित सम्मिलित हुई। पाटीदार समाज महिला संगठन अध्यक्ष भारती पाटीदार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें आपस में समरसता का भाव सीखते हैं, संगठित होकर किस प्रकार से हम सब परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र हित के लिए एकजुट होकर कार्य कर सकते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति हमारी विरासत है, हम सब को मिलकर इसे सहेज कर रखना है। हमारा कर्तव्य है कि हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सनातन भारतीय संस्कृति को जाने एवं इससे प्रेरणा लें।



## मतदाताओं को जागरूक के लिए स्थापित किया सेल्फी पाइंट

मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत महाविद्यालय युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी पाईण्ट का निर्माण किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर के समक्ष स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए मजबूत लोकतन्त्र के निर्माण की शपथ ली। महाविद्यालय के कैम्पस अम्बेसेडर हिमांशु पाण्डेय एवं रविराज शर्मा ने कक्षाओं में विद्यार्थियों शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा एवं स्वीप नोडल प्रो. अनिल कुमार आर्य ने उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई।

## स्वीप गतिविधियों का किया आयोजन

नारायणगढ़, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। नपा द्वारा प्रतिदिन मतदान जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। नपा ने शुक्रवार को कम मतदान प्रतिशत वार्डो व क्षेत्र में मतदाता जागरूकता गतिविधियांकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। इधर नपा ने शुक्रवार को सफाई मित्र प्रशिक्षण का भी आयोजन किया। इसके अंतर्गत आगामी सर्वे हेतु सफाई मित्रो को किस तरह से निकाय को प्रथम स्थान पर लाना है बताया गया। सभी को अपने-अपने कर्तव्य के साथ ही अपने-अपने वार्ड मै लोगो को जागरूक कर स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे मे बताए। सर्वे में पूछे गए प्रश्नों के बारे मे भी वार्ड के लोगो से चर्चा करें सहित अन्य जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जैन, उपयंत्री मुकेश कुमार मालवीय व सभी सफाई मित्र व निकाय कर्मचारी मौजूद थे।




## मिट्टी के तीन डम्पर जप्त

नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन के आदेशानुसार अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खनिज श्री राजेश शाह के नेतृत्व सहायक खनिज अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह डावर द्वारा रामपुरा क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण दौरान खनिजों का अवैध परिवहन करते हुए तीन खनिज वाहन को जप्त कर, पुलिस थाना रामपुरा में आगामी आदेश तक सुरक्षार्थ खडा किया गया है। उक्त वाहनों के वाहन चालक , मालिक के विरूद्व मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण)नियम 2022 तहत कार्यवाही की जावेगी। अवैध खनिज के उत्खनन , परिवहन, भण्डारण में संलिप्त वाहनों का पंजीयन क्र.डम्पर RJ14GA9978, RJ14GN3738, RJ37 GB 1594 है।

## विदेश निर्मित पटाखो के क्रय- विक्रय पर प्रतिबंध

मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री विशाल सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि विदेशी निर्मित फटाखें के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध किया गया है। जिले में स्था ई एवं अस्थाई फटाखा विक्रेताओं के परिसरों की जांच रक यह सुनिश्चित करें कि विदेशो में निर्मित फटाखे के क्रय- विक्रय न हो।


**✻ उठावना ✻**

**(महिला एवं पुरुष की संयुक्त बैठक)**



स्व. सेठ श्री निरंजनदेवजी भावनानी की धर्मपत्नी, रमेश, श्रीचंद, अशोक, घनश्यामदास, कैलाश, पुरुषोत्तम, भगवानदास की पूज्यनीय माताजी एवं कन्हैयालाल, ईश्वरदास, मुरलीधर, किशनचन्द की पूज्यनीय चाचीजी श्रीमती हरिदेवी भावनानी का स्वर्गवास दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को हो गया था। उनका उठावना आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023 शनिवार शाम 5 बजे सिन्धु महल, धानमण्डी मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

भावनानी परिवार



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**शनिवार दिनांक 21 अक्टूबर को शाम 5 से रात 8 बजे तक रविवार 22 अक्टूबर को सुबह 9 से दोप. 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 20.10.2023

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुल्ताना बी पति शाकिर अली सय्यद निवासी मंदसौर के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की खुली भूमि भूखण्ड भूमि सर्वे क्रमांक 1259/3 में से क्षेत्रफल 385 वर्गफीट तथा भूमि सर्वे क्रमांक 1259/मिन-4. 1260/9902 में से क्षेत्रफल 665 वर्गफीट कुल क्षेत्रफल 1050 वर्गफीट ग्राम गुराडियादेदा, तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है, जिसकी चतु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

पूर्व में-नवीन क्रेता सुल्ताना बी की दूकान, पश्चिम में-सरकारी भूमि, उत्तर में-भावसार जी की दूकान व खुली भूमि, दक्षिण में-फेज मोहम्मद की खूली भूमि। कुल क्षेत्रफल- 1050 वर्गफीट है।

उक्त संपत्ति सुल्ताना बी द्वारा विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई पंजीयन क्रमांक: एमपी249392021ए11102481 दिनांक 18.12.2021 से सरिता जैन पति विरेन्द्र कुमार जैन निवासी मंदसौर से क्रय की है।

श्रीमति सरिता जैन द्वारा उक्त संपत्ति विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1835 दिनांक 04.12.2009- क्षेत्रफल 665 वर्गफीट श्रीमति शार्मिला पति श्यामसुंदर जी अग्रवाल निवासी मंदसौर से तथा विक्रय पत्र क्रमांक 1836 दिनांक 04.12.2009 क्षेत्रफल 585 वर्गफीट को अशोककुमार पिता चांदमल जी नामदेव जाति छीपा, निवासी मंदसौर से क्रय की है। उक्त दोनों दस्तावेज विक्रय पत्र क्रमांक 1835 व 1836 श्रीमति सरिता जैन से कहीं गुम हो गया है, जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिले है।

उक्त संपत्ति पर सुल्ताना बी द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (एमबीएल) शाखा मंदसौर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 20.10.2023

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद विश्वकर्मा पिता कंवरलाल विश्वकर्मा जाति सुथार, निवासी ग्राम झलारा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक मकान जो कि मकान नं.- 66, वार्ड क्रमांक 04. पटवारी हल्का नम्बर 02 ग्राम झलारा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर का सहस्वामी विधिवत रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249412023ए12478212 दिनांक 18.10.2023 से अपनी पत्नि श्रीमती रीना सुथार पति विनोद विश्वकर्मा जाति सुथार, निवासी ग्राम झलारा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर को बनाया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में-जुझारसिंह का मकान, पश्चिम में-आशाराम का मकान, उत्तर में -शंकरलाल का मकान, दक्षिण में-आम रास्ता, कुल क्षेत्रफल 3625 वर्गफीट या 336.77 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर श्री विनोद विश्वकर्मा पिता कंवरलाल विश्वकर्मा, श्रीमती रीना सुथार पति विनोद विश्वकर्मा जाति सुथार, निवासीगण ग्राम झलारा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने नियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 20.10.2023

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्वसाधारणको सूचित किया जाता है कि श्री देवीलाल पिता कंवरलाल जाति गुर्जर निवासी ग्राम कुन्ताखेड़ी तहसील सीतामऊजिला मंदसौर के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का एक मकान जोकि भवन पंजी क्रं. 07 वार्ड क्रमांक 08 ग्राम कुन्ताखेडी तहसील सीतामऊजिला मंदसौर का सहस्वामी विधिवत रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249412022ए11310005 दिनांक 30.12.2022 से अपनी पत्नि श्रीमती कलाबाई गुर्जर पति देवीलाल जाति गुर्जर निवासी ग्राम कुन्ताखेडी तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर को बनाया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में - आम रास्ता, पश्चिम में -ईश्वरलाल का मकान, उत्तर में -रास्ता व खुली भूमि, दक्षिण में-रतनलाल का मकान, पैमाईश - पूर्व से पश्चिम 55 फीट, उत्तर से दक्षिण 40 फीट। कुल क्षेत्रफल 2200 वर्गफीट या 204.38 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर श्री देवीलाल पिता कंवरलाल, श्रीमती कलाबाई गुर्जर पति देवीलाल जाति गुर्जर निवासीगण ग्राम कुन्ताखेडी तहसील सीतामऊजिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण की प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in